डारेक्टर अराइव अलाइव इंडिया से कल्पना एच देलौरी

सड़क सुरक्षा सेमीनार

सेन्टमोन्ट फोर्ट स्कूल पटेल नगर में छात्रों की सुरक्षा हेतु कक्षा 7,8,एवं 9वीं के छात्रों के लिए सड़क सुरक्षा सेमीनार का आयोजन विद्यालय के सभागार में किया गया । इस हेतु छात्रों को सम्बोधित करते हुए करते हुए डारेक्टर अराइव ने कहा कि सड़क पर चलते हुए हमें अपनी सुरक्षा करना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने बताया कि लायसेन्स बनवाना हमारे लिए कितना जरूरी है एवं लायसेन्स के लिए कितनी उम्र होनी चाहिए तथा कौन –कौन से डाक्यूमेन्ट होने चाहिए । लर्निंग लायसेन्स वाली गाड़ियों पर पीछे L लिखा होना चाहिए । तथा गाड़ी के अन्दर कोई परमानेन्ट लायसेन्स वाला व्यक्ति पीछे बैठा होना चाहिए । अन्य जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पी. यु. सी. सर्टीफिकेट भी आवश्यक रूप से बनवाना चाहिए । गाड़ी साथ उसके बीमा के पेपर तथा रजिस्ट्रेशन भी जरूरी है। गाड़ी चलाते समय हेलमेट तथा कार में सीट बेल्ट भी लगाना चाहिए। अति आवश्यक रूप से उन्होंने बताया कि आजकल दुर्घटनाएँ ओवरटेक करने पर होती है। हमें सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए ही ओवरटेक करना चाहिए। इंडीकेटर का सही प्रयोग एवं हॉर्न के प्रयोग पर भी सावधानी बरतनी चाहिए। इसी तरह सड़क सुरक्षा की महत्पूर्ण जानकारी का यह सेमीनार 2 घण्टे तक चला। अंत में विद्यालय की काउन्सलर श्रृद्धा बलवानी मैडम ने आभार प्रदर्शन किया।